कोरोना से जंग

सेनेटाइजेशन,फागिंग व एंण्टीलार्वा का छिड़काव

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये जनमानस की सुविधा हेतु नगर में सफाई व्यवस्था, सेनेटाइजेषन, फागिंग एवं एंण्टीलारवा का छिड़काव किये जाने हेतु विषेश निर्देष दिये गये है। नगर निगम क्षेत्र में बने कन्टेनमेंट जोनो में जोनवार सफाई कार्य एवं सेनेटाइजेषन कार्य के साथ-साथ फागिंग एवं एंण्टीलार्वा का छिड़काव का कार्य कराया गया।

बिजलीपुरा, अंटा, बृज बिहार कालोनी, चमकनी करबला में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेषन अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 5 हजार भवनों 450 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, 05 मुख्य बाजारो जैसे- बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेषन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले में क्षेत्रों सघन सेनेटाइजेषन कार्य कराया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता के साथ में नगर क्षेत्र के बिजलीपुरा एवं अंटा में व्यापक स्तर पर कराये जा रहे सेनेटाइजेषन कार्य का निरीक्षण किया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल सिंह उपस्थित रहे। सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगर के बृजबिहार कालोनी एवं चमकनी करबला में कराये जा रहे सेनेटाइजेषन कार्य का निरीक्षण किया गया।